


# वॉटरमार्क अतिरिक्त लागत के बिना कार्ड सुरक्षा में वृद्धि किस तरह करते हैं

## परिचय

लगातार बढ़ते सुरक्षा खतरों के साथ, बड़े और छोटे संगठन अब जानते हैं कि अपने लोगों, डेटा और मौद्रिक संपत्ति की रक्षा सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि उनके द्वारा जारी किए जाने वाले कार्ड अत्यधिक सुरक्षित हों। उन्हें पता है कि छेड़छाड़ प्रतिरोधी लेकिन आसानी से सत्यापित किए जा सकने वाले दृश्यात्मक सुरक्षा तत्वों (VSEs) को अपने कार्ड में जोड़ने से सुविधाओं तक अनधिकृत पहुँच के जोखिम में कमी आएगी, धोखाधड़ी से बचाव होगा और जालसाजी के प्रयासों पर रोक लगेगी।

हालांकि, कुछ उपलब्ध दृश्यात्मक सुरक्षा विकल्पों की लागत और जटिलता के कारण, कई संगठनों को नीचे दी गई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है:

- बजट की कमी, जिसके कारण कार्ड में उच्च तकनीक फोरेंसिक या गुप्त दृश्यात्मक सुरक्षा सुविधाओं को जोड़ना बहुत महँगा हो जाता है
- खरीदने की लागत – या काम करने के कौशल में कमी – कार्ड की प्रामाणिकता सत्यापित करने के लिए मालिकाना सत्यापन उपकरण
- टूलिंग कस्टम होलोग्राफ़िक ओवरलैमिनेट या फ़ॉइल कार्ड के लिए लंबा लीड समय या न्यूनतम मात्रा की आवश्यकताएँ

सौभाग्य से, जो लोग कार्ड की सुरक्षा बढ़ाने के लिए आसानी से लागू किए जा सकने वाले किफ़ायती समाधान ढूँढ रहे हैं, उनके लिए HID® FARGO® DTC1500 कार्ड प्रिंटर में एक बिल्ट-इन वॉटरमार्क सुविधा है – जिससे बिना किसी अतिरिक्त निवेश के कार्ड सुरक्षा बढ़ाने का अवसर मिलता है।

## दृश्यात्मक सुरक्षा का महत्व

सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बढ़ने के कारण, आज के उद्योग निगम, स्वास्थ्य सुविधाएँ और छोटे व्यवसाय सुरक्षित आईडी बैज के उत्पादन के लिए विश्वसनीय, स्केलेबल और लागत प्रभावी समाधान की मांग कर रहे हैं।

कार्मिकों की स्पष्ट सुरक्षा के साथ-साथ, आगे की सोच रखने वाले संगठन इस बात के बारे में भी सोचते हैं कि अगर कभी गोपनीय डेटा एक्सेस कर लिया जाए और उसका दुरुपयोग होता है, तो क्या होगा। ऐसी संवेदनशील जानकारी में डेटाबेस, वित्तीय प्रणालियाँ, ग्राहक और/या रोगी रिकॉर्ड या वर्गीकृत दस्तावेज़ शामिल हो सकते हैं। बहुत गंभीर उल्लंघनों के परिणामस्वरूप मालकिाना जानकारी की चोरी या वित्तीय धोखाधड़ी हो सकती है जो किसी संगठन को लाखों का नुकसान पहुँचा सकती है। ऐसे नुकसान की संभावना को देखते हुए, यह ज़रूरी है कि किसी संगठन की इमारतों, कार्मिकों, और सिस्टम्स तक पहुँचने वाले लोगों की पहचान की जाए, उनका पुनरीक्षण और आसान पहचान हो सके और उनकी पहचान की आसानी से नकल न की जा सके।

छोटे संगठनों के लिए, सुरक्षा उल्लंघन केवल विध्वंसक हो सकते हैं। अगर ऐसे कार्ड्स की नकल की जा सके और उन्हें अक्सर इस्तेमाल किया जाए, तो कर्मचारी आईडी, सदस्यता कार्ड और नकद मूल्य या लॉयल्टी कार्ड जैसी पॉइन्ट स्टोर करने वाली चीज़ों को गंभीर वित्तीय खतरा हो सकता है।

**ऐसा तब होता है जब दृश्यात्मक सुरक्षा, रक्षा की महत्वपूर्ण पहली पंक्ति बन जाए।** दृश्यात्मक सुरक्षा में यह काबिलियित होती है:

- आसानी से और तुरंत पहचान सकती है कि आईडी कार्ड धारक ही, वास्तव में असली कार्डधारक है
- कार्ड की प्रामाणिकता सत्यापित कर सकती है
- कार्डधारक की पहचान सुरक्षित रख सकती है
- जालसाज़ी के प्रयासों को रोक सकती है

## विकल्पों को तलाशना

अधिक परिष्कृत, उच्च तकनीक वाली दृश्यात्मक और/या एम्बेडेड सुरक्षा सुविधाओं को जोड़ने के लिए अक्सर महंगे, मालकिाना प्रमाणीकरण उपकरण चाहिए होता है, जिसके काम करने के लिए एक खास स्किल सेट की ज़रूरत होती है। वैकल्पिक रूप से, कुछ लोग ऐसे जटिल सुरक्षा समाधानों को ठुकरा सकते हैं और होलोग्राफिक ओवरलैमिनेट या फ़ॉइल कार्ड का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि कार्ड सुरक्षा के लिए ऐसे खुले दृष्टिकोण, गुप्त या फोरेंसिक सुरक्षा सुविधाओं की तुलना में किफ़ायती होते हैं, फिर भी कभी-कभी वे महंगे साबित हो सकते हैं।

**तो, बिना जेब ख़ाली किए कार्ड की सुरक्षा बढ़ाने के लिए क्या किया जा सकता है? इसका जवाब है कस्टम ओवरले वॉटरमार्क लगाना।**

## कस्टम वॉटरमार्क: बिना अतिरिक्त लागत के सुरक्षा में वृद्धि

ऐसे स्मार्ट संगठनों ने, जो अपनी प्रति कार्ड लागत या अपने कार्ड जारी करने के प्रोग्रामों की कुल लागत को बढ़ाए बिना कार्ड सुरक्षा में वृद्धि करना चाहते हैं, पाया है कि सही आईडी कार्ड प्रिंटर चुनने से भी फर्क पड़ सकता है। HID Global® का FARGO® DTC1500 आईडी कार्ड प्रिंटर बिल्ट-इन कस्टम वॉटरमार्क ओवरले फ़ंक्शन के साथ आता है, जिससे संगठन अपने कार्ड में बिना किसी अतिरिक्त लागत के एक भरोसेमंद और अत्यधिक सुरक्षित दृश्यात्मक भाग लागू कर सकते हैं।

### किफ़ायती कार्ड सुरक्षा

कार्ड सुरक्षा बढ़ाने के लिए अधिक लागत प्रभावी समाधान चाहने वाले उन लोगों के लिए, ऐसा आईडी कार्ड प्रिंटर चुनने से जिसमें इन-बिल्ट वॉटरमार्क सुविधा मौजूद हो, कार्ड सुरक्षा में अतिरिक्त निवेश के बिना वृद्धि करने के अवसर बढ़ जाते हैं।

## वॉटरमार्क के लाभ:

- अत्यधकि सुरक्षति
- कोई अतरिक्ति लागत नहीं
- लागू करने में आसान
- तुरंत उपयोग के लिए मांग पर बनाया जा सकता है




कस्टम ओवरले वॉटरमार्क के साथ तैयार कार्ड

दृश्यात्मक सुरक्षा का यह भाग एक कस्टमाइज़ कयिा गया पारदर्शी सुरक्षा चत्रि छापने की सुवधिा देता है - जैसे लोगो, प्रतीक या टेक्स्ट - जसि मुद्रति कार्ड के ओवरले पैनल के भीतर एक स्थायी वॉटरमार्क के रूप में एकीकृत कयिा जा सकता है, **जसिसे वैध कार्डों की प्रामाणकिता को सत्यापति करना आसान हो जाता है और उनकी नकल करना लगभग असंभव हो जाता है।**

### कसिी लीड टाइम या न्यूनतम ऑर्डर मात्राओं की ज़रूरत नहीं है

अवशि्वसनीय रूप से कफ़िायती होने के साथ-साथ, अधकि तकनीकी दृश्यात्मक सुरक्षा सुवधिाओं, कस्टम होलोग्राफकि ओवरलैमनिट, या फॉइल कार्ड की तुलना में वॉटरमार्क का उपयोग करने का एक और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि उन्हें तत्काल उपयोग के लिए जल्दी और इन-हाउस बनाया जा सकता है। अन्य कस्टम दृश्यात्मक सुरक्षा समाधानों के लिए, अक्सर आठ से बारह सप्ताह का लीड टाइम (या उससे अधकि) लगता है, जसिमें कसिी संगठन द्वारा अपने अनुकूलति कएि गए लैमनिट या कार्ड को ऑर्डर करने से लेकर उसे प्राप्त करने का समय शामलि होता है। अक्सर, इस प्रकार के मेड-टू-ऑर्डर उत्पादों में कस्टम टूलगि को उचति ठहराने के लिए न्यूनतम मात्रा की ज़रूरत होती है - जसिके कारण यह ऐसे छोटे संगठनों की पहुँच से बाहर हो जाता है, जो आमतौर पर कम मात्रा में कार्ड प्रटि करवाते हैं।

### HID FARGO DTC1500: एक बेहतर समाधान

आज बाजार में मौजूद कई अन्य कार्ड प्रटिर्स की तुलना में, जो कि कसिी प्रकार की वॉटरमार्क सुवधिा देते हैं, DTC1500 के लिए वशिष उपभोग्य वस्तुओं जैसे फ्लोरोसेंट पैनल वाले प्रटि रबिन में अतरिक्ति नविश की ज़रूरत नहीं होती। DTC1500 सामान्य प्रटिगि प्रक्रयिा के दौरान प्रटि रबिन के मानक ओवरले पैनल पर सीधे वॉटरमार्क डालता है।

HID

DTC1500 वॉटरमार्क सुविधा का एक और लाभ जो इसे दूसरों से अलग करता है, वह यह है कि यह केवल कस्टम चित्र ही छापता है। बाजार में मौजूद कई अन्य प्रिंटरों में स्टॉक वॉटरमार्क चित्रकारी शामिल होती है। इस प्रकार के समाधानों में यह कमी है कि क्योंकि चित्र उनका उपयोग करने वाले संगठनों के खुद के या मालकिाना नहीं होते, इसलिए नकल की धोखाधड़ी का जोखिम ज़्यादा होता है। समान आईडी कार्ड प्रिंटर का इस्तेमाल करके कोई भी वॉटरमार्क के तौर पर उसी स्टॉक चित्र को छाप सकता है, जिससे आईडी बैज या कार्ड स्वाभाविक रूप से कम सुरक्षित हो जाता है। इसके विपरीत, DTC1500 से लागू की गई कस्टम इमेजरी यह सुनिश्चित करती है कि क्रेडेंशियल्स वास्तव में उन्हें जारी करने वाले संगठनों के लिए अनूठे हों और उनकी प्रतिकृति आसानी से न बनाई जा सके।

**DTC1500 का उपयोग करके वॉटरमार्क लागू करना भी अविश्वसनीय रूप से आसान है**। यूज़र बस अपना मनचाहा वॉटरमार्क चित्र बनाते हैं, इसे बिटमैप (.bmp) फ़ाइल के रूप में सेव करते हैं और इसे प्रिंटर के ड्राइवर पर अपलोड करते हैं ताकि इसे बाद में प्रिंटिंग प्रक्रिया के दौरान एक्सेस किया जा सके और प्रिंट किया जा सके। यूज़र्स के पास विकल्प होता है कि वे उसे एक चित्र के रूप में या दोहराने वाले वॉलपेपर चित्र के रूप में वॉटरमार्क प्रिंट कर सकते हैं।

## शुरू से अंत तक सुरक्षा

अधिक मानसिक शांति के लिए DTC1500 कई अन्य सुरक्षा सुविधाओं से भी लैस है:

- **रेज़िन स्क्रैम्बल डेटा सुरक्षा** – यह अनूठी सुविधा स्क्रैम्बलिंग और इसके बाद रेज़िन पैनल से छापी गई किसी जानकारी को छुपाकर, सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत प्रदान करती है। उपयोग किए गए रिबन पैनल पढ़ने योग्य नहीं रहते, जिससे कार्डधारक का डेटा धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल नहीं किया सकता।

- **पासवार्ड सुरक्षा** – यूज़र डिफ़ाइंड पासवर्ड प्रिंटर तक पहुँच को लॉक कर देते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि अनधिकृत कार्मिक जाली कार्ड प्रिंट करने या निजी जानकारी चुराने के लिए प्रिंटर का इस्तेमाल न कर सकें।

- **AES 256 डेटा एनक्रिप्शन** – ट्रांज़िट के दौरान कार्डधारक डेटा को और अधिक सुरक्षित बनाता है, जिससे आपके पीसी और प्रिंटर के बीच डेटा की अखंडता और प्रामाणिकता की गारंटी मिलती है

शुरू से अंत तक, DTC1500 कार्ड जारी करने के आपके प्रोग्राम की समग्र सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## आज के संगठन वॉटरमार्क से कैसे लाभान्वित होते हैं

क्रेडेंशियल सुरक्षा को मजबूत करना, उद्योग निगमों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और बीमा कंपनियों के साथ ही छोटे व्यवसायों के लिए भी तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। यहाँ, हम यह देखेंगे कि इन संगठनों को कस्टम वॉटरमार्क से क्या फायदा हो सकता है।

## उद्योग निगम

आज के उद्योग निगमों की सुरक्षा संबंधित मुख्य चिंता यह है कि कर्मचारियों को सुरक्षित रखा जाए और चोरी, दुरुपयोग या यहाँ तक कि कॉर्पोरेट जासूसी से कंपनी की संपत्ति की रक्षा की जाए। साइट पर कौन है और वे किसी कंपनी के परिक्षेत्र के भीतर कुछ स्थानों तक पहुँचने के लिए अधिकृत हैं या नहीं, यह जानना सर्वोपरि है।

### DTC1500 शुरू से अंत तक इन-बिल्ट सुरक्षा प्रदान करता है:

- कस्टम ओवरले वॉटरमार्क
- रेज़िन स्क्रैम्बल डेटा सुरक्षा
- पासवर्ड सुरक्षा
- AES 256 डेटा एन्क्रिप्शन

कॉर्पोरेट द्वारा जारी किए गए क्रेडेंशियल्स में एक अनुकूलित वॉटरमार्क जोड़ने से इन संगठनों को आईडी प्रामाणिकता को आसानी से पहचानने और तुरंत मान्य करने के लिए किफ़ायती साधन मिल जाते हैं। इसके अलावा, कर्मचारियों के बैज पर अलग और आगंतुकों के बैज पर अलग वॉटरमार्क लागू करने से सुरक्षा में और वृद्धि हो सकती है क्योंकि इससे उन्हें यह पहचानने की क्षमता आसानी से मिल जाती है कि इन व्यक्तियों में से प्रत्येक के लिए कौन से ऑनसाइट स्थान सुलभ होने चाहिए। उदाहरण के तौर पर, ठेकेदारों और आगंतुकों के पास उन स्थानों तक पहुँच नहीं होनी चाहिए जिनमें सिस्टम, डेटाबेस हों या यहाँ तक कि उन अलमारियों तक पहुँच भी नहीं होनी चाहिए जिनमें बौद्धिक संपदा, ग्राहक रिकॉर्ड या अन्य कंपनी-गोपनीय दस्तावेज होते हैं। आसानी से पहचानने और भावी अपराधियों के लिए अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए यह एक सफल कॉर्पोरेट सुरक्षा प्रोग्राम का मुख्य तत्व है।




## स्वास्थ्य देखभाल

चाहे स्वास्थ्य सेवाओं को निजी तौर पर प्रबंधित किया जाए या सरकार द्वारा चलाया जाए, धोखाधड़ी और/या चिकित्सा पहचान की चोरी को रोकने के साथ ही बीमित लोगों की गोपनीयता सुनिश्चित करना एक सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब कोई बीमा या स्वास्थ्य लाभ कार्ड प्रस्तुत किया जाता है तो जोखिम को कम करने और देयता को सीमित करने के लिए, अस्पतालों, क्लीनिकों, डॉक्टरों के कार्यालयों और फार्मेसियों को अक्सर एक पिक्चर आईडी की आवश्यकता होती है। हालांकि, बीमा कार्ड जालसाजी के लिए अतिसंवेदनशील हो सकता है, फिर भी एक कस्टम वॉटरमार्क जोड़ने से जोखिम काफ़ी कम हो जाता है।

कस्टम वॉटरमार्क चिकित्सा कार्मिकों की आईडी की सुरक्षा भी बढ़ाते हैं। पहचानने में आसान लेकिन नकल करने में मुश्किल कर्मचारी आईडी से अस्पतालों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और फार्मेसियों को इस बारे में मानसिक शांति मिलती है कि जिन लोगों को परिसर में रहने की अनुमति है, वहाँ पर केवल वही मौजूद हैं।

## छोटे व्यवसाय

सुरक्षित कर्मचारी आईडी के अलावा, अपने ग्राहकों के लिए सदस्यता और/या लॉयल्टी प्रोग्राम पेश करने वाले छोटे व्यवसायों को अपने प्रोग्राम कार्ड के संबंध में अतिरिक्त सुरक्षा चिंताएँ होती हैं। इनमें रिवार्ड कार्ड, पॉइंट कार्ड, एडवांटेज कार्ड, क्लब कार्ड और अक्सर आने वाले अतिथि कार्ड शामिल हो सकते हैं।

चूँकि इनमें से कई कार्ड, कार्डधारकों को क्लब, लाभ या महत्वपूर्ण छूट की पहुँच प्रदान करते हैं, इसलिए यह समझना मुश्किल नहीं है कि व्यवसायों को इस बारे में पूरी तरह से निश्चित क्यों होना चाहिए कि प्रस्तुत किया जाने वाला सदस्यता या लॉयल्टी कार्ड प्रामाणिक है। यह छोटे, निजी स्वामित्व वाली कंपनियों के लिए विशेष रूप से सही है जो खुद अपने प्रोग्रामों का प्रबंधन और उनकी फ़ंडिंग करती हैं। अगर किसी कार्ड की नकल की जाती है और उसे धोखे से इस्तेमाल किया जाता है, तो इन व्यवसायों को महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान उठाना पड़ सकता है – जिससे ऐसे नुकसान हो सकते हैं, जिन्हें बर्दाश्त करने में वे अक्षम होंगे।

कोई अनूठा वॉटरमार्क जोड़ने से नकली कार्ड बनाना बेहद कठिन हो जाता है जिससे इस प्रकार स्वाभाविक रूप से पूरे लॉयल्टी प्रोग्राम की सुरक्षा में वृद्धि होती है - और यह सुनिश्चित होता है कि प्रोग्राम के भत्तों का आनंद केवल उन लोगों द्वारा लिया जा रहा है जिनके लिए प्रोग्राम बनाया गया था।

## निष्कर्ष

अधिक उच्च तकनीक, एंबेडेड सुरक्षा सुविधाओं और महंगी, लंबे समय और मेड-टू-ऑर्डर ओवरलैपिंग या फ़ॉइल कार्ड की मात्रा आवश्यकताओं से जुड़ी जटिलताओं और लागत को देखते हुए, अनुकूलन योग्य वॉटरमार्क आज के किफ़ायती संगठनों के लिए एक अधिक अनुकूल विकल्प साबित हो रहे हैं। वॉटरमार्क कार्ड सुरक्षा में काफी वृद्धि करते हैं लेकिन इसके लिए अतिरिक्त निवेश की ज़रूरत नहीं होती।

इसके अलावा, कार्ड प्रिंटर जो अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं जैसे ऑपरेटर पासवर्ड और रेज़िन स्क्रैम्बल डेटा सुरक्षा की सुविधा देते हैं, किसी संगठन के पूरे कार्ड प्रोग्राम की समग्र सुरक्षा में स्वाभाविक रूप से वृद्धि करते हैं।

उद्योग निगमों, स्वास्थ्य सुविधाओं और छोटे से लेकर मध्यम व्यवसायों के लिए बनाया गया DTC1500, अत्यधिक सुरक्षित और आश्चर्यजनक रूप से किफ़ायती कार्ड और आईडी बनाने के लिए एक आदर्श समाधान है।

आज ही यहाँ जाकर अधिक जानें: **hidglobal.com/dtc1500** या हमसे संपर्क करें: **sisales@hidglobal.com**



## किफ़ायती दामों पर सुरक्षा

अपनी कई सुरक्षा सुविधाओं और बढ़ी हुई क्षमताओं के साथ, DTC1500 संगठनों को आश्चर्यजनक रूप से किफ़ायती लेकिन अत्यधिक सुरक्षित कार्ड और आईडी जारी करने में सक्षम बनाता है।


North America: +1 512 776 9000 | Toll Free: 1 800 237 7769
Europe, Middle East, Africa: +353 91 506 900
Asia Pacific: +852 3160 9800 | Latin America: +52 55 9171 1108
**For more global phone numbers click here**
© 2024 HID Global Corporation/ASSA ABLOY AB. All rights reserved.
2021-11-08-si-dtc1500-watermark-wp-in PLT-06412
Part of ASSA ABLOY